# उपभोक्ता की कहानी:

आजीवन आत्म-निर्भर रहने वाली, 90 वर्षीया Ada अपने समुदाय में योगदान देने वाली एक महत्वपूर्ण सदस्य है।

एक बार अस्पताल में भर्ती होने के बाद, Ada को स्नान करने, भोजन, और परिवहन में अतिरिक्त सहायता की ज़रूरत पड़ी।

Ada इन कामों की अतिरिक्त लागतों का भार उठाने में कठिनाईयों का सामना कर रही थीं और उन्हें मालूम नहीं था कि कहाँ से सहायता ली जाए, वे अपनी परिस्थितियों के बारे में व्याकुल थीं, उन्हें अकेलापन महसूस हो रहा था और वो इस बारे में चिंतित थीं कि आगे क्या होगा।

Care Finder के लिए रेफरल मिलने के बाद, उनकी टीम के एक सदस्य Ada के घर उनसे मिले, और दोनों ने मिलकर एक योजना तैयार की।

Care Finder की सहायता से, Ada की एज्ड केयर सेवाओं की प्राथमिकता दोबारा तय की गई तथा ज़्यादा सहायता प्रदान करने के लिए एक होम केयर पैकेज की व्यवस्था की गई। Ada अपने लिए एक ऐसे सेवा प्रदाता का चयन कर सकीं जिससे उन्हें सहज महसूस हुआ। Ada को अब अपनी सुविधानुसार सहायता प्राप्त हो रही है और उन्हें अपने घर में आश्वस्त और समर्थ महसूस हो रहा है।



## मुझे यह कैसे पता चलेगा कि क्या मैं (या मेरी जान-पहचान का कोई व्यक्ति) Care Finder सहायता के लिए पात्र हूँ?

### Care Finder जाँच-सूची:

**क्या आप इन तीन प्रश्नों के उत्तर हाँ में दे सकते हैं:**

1. **क्या आपकी आयु 65 वर्ष या उससे अधिक है?***
2. **क्या आपको रोज़मर्रा के कामों जैसे कि स्नान करने, खरीदारी करने, भोजन बनाने, में से एक या अधिक कामों को करने के लिए सहायता की ज़रूरत है?**
3. **एज्ड केयर प्रणाली को समझने और मार्ग-निर्देशन में सहायता करने के लिए क्या आपके पास कोई विश्वसनीय व्यक्ति (परिवार का कोई सदस्य या दोस्त) नहीं है, और क्या आप अपने-आप ऐसा करने में असमर्थ हैं?**

* एबोरीजनल तथा टोरस स्ट्रेट आईलैंडर (ATSI) और/या कम आय तथा बेघर होने के जोखिम वाले व्यक्तियों के लिए 50 वर्ष और उससे अधिक की आयु। ATSI और कम आय तथा बेघर होने के जोखिम वाले व्यक्तियों के लिए 45 वर्ष और उससे अधिक की आयु।

**यदि इन तीनों प्रश्नों के लिए आपका उत्तर हाँ है, तो Care Finder कार्यक्रम आपके लिए उपलब्ध हो सकता है।**

cotatas.org.au/programs/carefinder

हमारी Care Finder टीम सुरक्षित और समावेशी तरीके से काम करने में अच्छी तरह से प्रशिक्षित होती है।

COTA (Council on the Ageing) Tasmania
[COTA (वृद्धावस्था परिषद) तस्मेनिया]

# Care Finder
# [देखभाल खोजक]

## क्या आपको या आपकी जान-पहचान वाले किसी व्यक्ति को एज्ड केयर सेवाओं तक पहुँचने में परेशानी हो रही है और सहायता करने के लिए कोई भी नहीं है?

COTA Tasmania's Care Finder कार्यक्रम एक मुफ्त और दोस्ताना सामुदायिक सेवा है। हम उन लोगों के लिए एज्ड केयर प्रणाली के माध्यम से मार्गदर्शन पेश करते हैं जिन्हें चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है और जिन्हें अपनी परिस्थितियों के कारण अपने-आप सारी बातें समझने में और ज़्यादा कठिनाई होती है। हम आपके साथ मिलकर काम करने के लिए तत्पर हैं ताकि आप एज्ड केयर और अन्य सहायता सेवाओं तक पहुँच सकें।

# 1800 518 048

COTA TASMANIA

इस कार्यक्रम को ऑस्ट्रेलियाई सरकार द्वारा, Primary Health Tasmania [प्राथमिक स्वास्थ्य तस्मेनिया] (Tasmania PHN) के माध्यम से दी गई फंडिंग से सहायता मिलती है।

## Care Finder क्या-क्या सहायता प्रदान कर सकता है?

Care Finder द्वारा एज्ड केयर प्रणाली तथा उपलब्ध देखभाल तथा सहायताओं के विकल्पों से संबंधित मुफ्त और निष्पक्ष जानकारी प्रदान की जा सकती है, जिनमें शामिल है:

- My Aged Care और स्वास्थ्य पेशेवरों के साथ बातचीत करना।
- आकलन तथा पुनः आकलन सत्रों की व्यवस्था करना और उनमें उपस्थित होना।
- वृद्धों के लिए, एज्ड केयर होम देखभाल/घर पर देखभाल या सम्बद्ध स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुँच।
- उपलब्ध विकल्पों के बारे में अधिक जानकारी हासिल करना और प्रदाताओं से बातचीत करना।
- फॉर्म भरने और सेवा समझौतों को समझने में मार्गदर्शन करना।
- सेवाओं के शुरु होने के बाद यह देखना कि सब कुछ ठीक चल रहा है या नहीं।
- समुदाय-आधारित अन्य सहायताओं से जोड़ना।



## COTA Tasmania द्वारा Care Finder सेवाएँ कहाँ-कहाँ उपलब्ध करवाई जाती हैं?

COTA Tasmania's Care Finder कार्यक्रम तस्मेनिया के ग्रामीण और सुदूरवर्ती क्षेत्रों सहित राज्य भर में संचालित होता है। हमारे कार्यालय, होबार्ट, लॉन्सेस्टन और बर्नी में हैं।

# अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्न:



### क्या Care Finder सहायता मुफ्त है?

हाँ, यह ऑस्ट्रेलियाई सरकार द्वारा निधिबद्ध है।

### Care Finder से सहायता लेने के लिए क्या मुझे रेफरल की ज़रूरत है?

नहीं। कोई भी व्यक्ति COTA Tas Care Finder से संपर्क कर सकता है।

### क्या Care Finder सेवाएँ गोपनीय होती हैं?

हाँ, हमारी सेवाएँ गोपनीय होती हैं।

### यदि मेरा उपभोक्ता/दोस्त अंग्रेज़ी नहीं बोलता है, तो क्या?

COTA Tasmania Care Finders द्वारा अनुवाद तथा दुभाषिया सेवाओं (TIS) का उपयोग किया जाता है।



**1800 518 048**

# सहायता प्राप्त करना

## COTA Tasmanis's Care Finder कार्यक्रम से संपर्क कैसे किया जा सकता है?

### ख़ुद के लिए सहायता माँगना

कृपया हमारी Intake Team [प्रवेश टीम] से सोमवार से शुक्रवार, कार्यालय के खुलने के समय में, **1800 518 048** पर संपर्क करें या carefinder@cotatas.org.au पर ईमेल भेजें।

यदि आपको इस बारे में पक्का मालूम नहीं है कि Care Finder कार्यक्रम आपके लिए सही है या नहीं तो चिंता न करें। जब आप फ़ोन करेंगे, तो हम आपसे कुछ प्रश्न पूछेंगे ताकि हम आपकी सहायता करने का सर्वोत्तम तरीका तय कर सकें।

अथवा, आप हमारा पूछताछ फॉर्म भर सकते हैं:

### किसी अन्य व्यक्ति के लिए सहायता माँगना

यदि आपको या आपकी जान-पहचान वाले किसी व्यक्ति को सहायता की आवश्यकता है, तो कृपया हमारी प्रवेश टीम से सोमवार से शुक्रवार, कार्यालय के खुलने के समय में, **1800 518 048** पर संपर्क करें।

यदि आप किसी अन्य व्यक्ति की ओर से फ़ोन कर रहे हैं, तो आपको इसके लिए उनसे पहले ही सहमति लेनी होगी।

जब आप फ़ोन करेंगे, तो हम आपसे कुछ प्रश्न पूछेंगे ताकि हम सहायता उपलब्ध करवाने का सर्वोत्तम तरीका तय कर सकें।

आप हमारा Client Referral Form [उपभोक्ता रेफरल फॉर्म] भी भर सकते हैं:

और अधिक जानकारी प्राप्त करने तथा यह बात और भी अच्छी तरह से समझने के लिए कि यह कार्यक्रम किसके लिए है, cotatas.org.au/programs/carefinder पर जाएँ।